उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 109

दिनांक/Date : 24.4.2019

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

आयोग द्वारा पूर्व में जारी प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम को निर्धारित किये जाने के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 1 मार्च, 2019 को 22 परीक्षाओं का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था। विदित है कि प्रदेश में दिनांक 10 मार्च, 2019 से लोकसभा चुनावों के लिए वर्तमान में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के दृष्टिगत प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम को स्थगित किया गया था। वर्तमान में आयोग द्वारा इन लिखित परीक्षाओं के परीक्षा कार्यकम को निर्धारित किया जा रहा है।

दिनांक 19 मई, 2019 को प्रथम पाली पूर्वान्ह 9:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य कुल 10 पद कोड के लिए अलग–अलग परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिनके अलग–अलग प्रश्न–पत्र होंगे।

दिनांक 19 मई, 2019 को द्वितीय पाली 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के मध्य पदनाम–सहायक लेखाकार व तृतीय पाली सांय 3:00 बजे से सांय 5:00 बजे के मध्य पदनाम–प्रयोगशाला सहायक, के पदों हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

दिनांक 2 जून, 2019 को प्रथम पाली पाली पूर्वान्ह 9:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य कुल 6 पद कोड के लिए एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

दिनांक 2 जून, 2019 को द्वितीय पाली 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के मध्य कुल 02 पद कोड के लिए एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

दिनांक 2 जून, 2019 को तृतीय पाली सांय 3:00 बजे से सांय 5:00 बजे के मध्य कुल 02 पद कोड के लिए एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

दिनांक 16 जून, 2019 को प्रथम पाली पाली पूर्वान्ह 9:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य कुल 03 पद कोड के लिए अलग–अलग परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिनके प्रश्न पत्र अलग–अलग होंगे।

दिनांक 16 जून, 2019 को द्वितीय पाली 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के मध्य कुल 03 पद कोड के लिए अलग–अलग परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिनके प्रश्न पत्र अलग–अलग होंगे।

उपरोक्त परीक्षा कार्यकम में निर्धारित 21 लिखित परीक्षाओं का पाठ्यकम अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है। लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आयोग वेबसाइट पर प्रकाशित परीक्षा कार्यकम तथा जारी पाठ्यकम के अनुरूप अपनी तैयारियां सुनिश्चित कर लें जिससे उन्हें लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने में सुगमता हो।

24/4/19

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

Scanned with CamScanner